तापमान
अधिकतम .26 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

4 किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने में ना हो कोई परेशानी : कलेक्टर



## खबर संक्षेप



### गुरु घासीदास जयंती पर शहर में निकाली गई शोभायात्रा

**रायगढ़।** शहर में बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सतनामी समाज की इस ऐतिहासिक यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। लेजर लाइट शो, पंथी नृत्य, झांकियां और आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रहीं। जिले में बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर समाज के लोगों के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिला सतनामी कल्याण समिति की ओर से आयोजित इस ऐतिहासिक शोभायात्रा में हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इस दौरान पूरा शहर बाबा के पावन संदेश 'सत्य ही मानव का आभूषण है' के साथ सतनाम मय हो गया। यह शोभायात्रा मिठ्ठुमुड़ा जैतखाम से भव्य रूप में प्रारंभ होकर पूरे शहर में भ्रमण के बाद वापस से मिठ्ठुमुड़ा जैतखाम तक पहुंची। यात्रा के दौरान डीजे पर लेजर लाइट शो, पंथी दलों द्वारा पारंपरिक कला और कर्मा नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। शौर्य प्रदर्शन, आकर्षक झांकियां और भव्य आतिशबाजी शोभायात्रा के मुख्य आकर्षण रहे, जिन्होंने पूरे शहर का ध्यान अपनी ओर खींचा। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुरु घासीदास जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जा रही है। इन क्षेत्रों में भी जैतखाम पर विधि-विधान से पूजा-पाठ और पंथी नृत्य का आयोजन किया गया है।

### युवकों को बाइक ने मारी टक्कर, एक की मौत

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत अस्थी विसर्जन कर लौट रहे दो युवकों को एक बाइक के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार जूटमिल क्षेत्र के कयाघाट निवासी गोकुल प्रसाद कुर्रे का पुत्र श्याम कुर्रे अपनी चाची के अस्थी विसर्जन के लिए छोटे भाई रूनेश्वर कुर्रे के साथ बाइक से चन्द्रपुर गया था। अस्थी विसर्जन कर वापस लौटने के दौरान चिखली के पास विपरीत दिशा से आ रही पल्सर बाइक से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की इस घटना में श्याम छिटक कर सडक़ पर गिर गया और बेहोश हो गया था। वहीं उसका छोटा भाई ज्ञानेश्वर कुर्रे को भी चोट आई थी। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और डायल 112 को सूचना दी गई। डायल 112 की मदद से दोनों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। श्याम की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रायपुर रेफर कर दिया था। इधर परिजनों द्वारा उसे रायपुर ले जाने की तैयारी की जा रही थी कि अस्पताल के गेट के पास उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम मामले को विवेचना में लिया है।

## 5 साल बाद भी कुपोषण की दर 13 प्रतिशत से अधिक

# जिले में कम नहीं हो रही कुपोषण की दर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासन-प्रशासन के लाख कोशिशों के बाद भी जिले में कुपोषण का दर कम नहीं हो रहा है। जिले में कुपोषण की वर्तमान दर 13.71 है। अगर यही हाल रहा तो अगले 5 सालों तक जिले को कुपोषण से मुक्ति नहीं मिल सकेगी।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 में जहां कुपोषण की दर 13.74 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2025-26 में अब तक यह 13.71 प्रतिशत दर्ज की गई है। विभागीय आंकड़ों में 5 साल के बीच करीब सिर्फ 6 प्रतिशत की गिरावट आई है। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार जिले में कुपोषण का दर वर्ष 2020-21 में 19.40 था जो कि घट कर अब 13 प्रतिशत पर आ गई है। विभाग की मानें तो 5 साल में आई इस गिरावट की पीछे का प्रमुख वजह विभाग के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के योजनाओं को बताया जा रहा है। विभाग की ओर से भले ही पांच साल का आंकड़ा एक साथ पेश किया जा रहा है ताकि आंकड़े दहाई अंक में दिखें पर यदि साल दर साल के आंकड़े को देखें तो अधिकतम पांच प्रतिशत से ज्यादा कामयाबी की दर नहीं है। कभी तीन प्रतिशत, कभी चार प्रतिशत तो कभी गिरावट की दर एक प्रतिशत के आंकड़े को भी नहीं छू सकी है। जिसके बाद नवा जतन व बाल संदर्भ योजना के तहत इसकी भरपाई करने की पहल की गई। बाल संदर्भ योजना के तहत उक्त बच्चों को इलाज की व्यवस्था भी की गई।



> जिले में कुपोषण की दर में गिरावट दर्ज की जा रही है। विभाग तमाम प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है, बच्चों के परिजनों को भी समझाइश दी जा रही है।
>
> **एलआर कच्छप**
> डीपीओ,रायगढ

### पांच सालों में इस तरह मिले कुपोषित बच्चे

| वर्ष | कुल वजन लिए गए बच्चे | कुपोषित बच्चे | कुपोषण का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2020-21 | 113586 | 22041 | 19.40 प्रतिशत |
| 2021-22 | 114735 | 12661 | 12.86 प्रतिशत |
| 2022-23 | 95038 | 12219 | 12.86 प्रतिशत |
| 2023-24 | 75854 | 10055 | 13.25 प्रतिशत |
| 2024-25 | 71268 | 9792 | 13.74 प्रतिशत |
| 2025-26 | 65373 | 8961 | 13.71 प्रतिशत |

### विभाग के द्वारा किया जा रहा हर भरसक प्रयास

विभाग की मानें तो जिले में कुपोषण के स्तर में कमी लाने के लिए विभाग के द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। बच्चों के परिजनों को सुपोषित मिल, हरी भाजियों के सेवन बच्चों को कराने की सलाह दी जाती है। आंगनबाड़ियों में बच्चों को गर्म भोजन दिया जाता है। कुपोषित बच्चों को पोषण पुर्नविचार केन्द्र में भेजा जाता है जहां उन्हें भोजन के साथ-साथ 150 रूपए भी दिये जाते हैं। वहीं अत्यधिक कुपोषित बच्चों को मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के तहत निशुल्क दवाई एवं भोजन प्रदान किया जाता है।

### पांच सालों में सिर्फ 6 प्रतिशत की गिरावट

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में कुपोषण का वर्तमान दर 13.71 प्रतिशत है। इस साल में अब तक कुल 65 हजार 373 बच्चों का वजन किया गया, जिसमें से 8 हजार 961 बच्चों का वजन कम था, जिसे कुपोषण के स्तर का माना गया। विदित है कि विभाग के द्वारा हर साल वजन त्यौहार के द्वारा 0 से 5 साल तक के बच्चों का वजन किया जाता है और वजन के स्तर से कम वजन वाले बच्चों को कुपोषित माना जाता है।

### आजादहिंद एक्सप्रेस की जनरल बोगी में लगी आग

**रायगढ़।** आजाद हिंद एक्प्रेस के जनरल बोगी में अचानक आग लगने की वजह से ट्रेन में मौजूद यात्रियों में हडकंप मच गई, घटना की जानकारी मिलते ही आनन-फानन में ट्रेन को आउटर में रोककर आग पर काबू पाया गया। इसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुंबई से चलकर हावड़ा जाने वाली आजाद हिंद अपने निर्धारित समय से विलंब से चल रह थी, इस दौरान बुधवार की रात करीब 8 बजे भूपदेवपुर स्टेशन से जैसे ही ट्रेन निकली उसी समय जनरल बोगी में अचानक आग लग गई, जिससे उसमें मौजूद यात्रियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद आनन-फानन में ट्रेन को भूपदेवपुर व किरोड़ीमल नगर के बीच रोकते हुए इसकी सूचना रेलवे को दी गई। जिससे टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। इस दौरान करीब आधा घंटा तक ट्रेन खड़ी रही।

# खरसिया हत्याकांड के आरोपियों को कोर्ट ने सुनाई पांच साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

साल 2013 में घटित खरसिया के बहुचर्चित कालू हत्याकांड के मामले में हाईकोर्ट ने आरोपियों को पांच साल के कठोर कारावास से दंडित किया है। कई साल तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने माना कि यह जानबूझकर सुनियोजित तरीके से की गई हत्या नहीं है, बल्कि आवेश में हुई घटना है। इसलिए धारा 302 को हटाकर धारा 304 भाग दो के तहत सजा सुनाई गई है। पुलिस द्वारा बनाए गए आरोपियों में से तीन को संदेह का लाभ भी दिया गया है।

घटना 24 अक्टूबर 2013 की है, खरसिया में विक्की अग्रवाल के पुत्र की जन्मदिन की पार्टी कन्या भवन में थी। पार्टी में आरोपी रॉकी अग्रवाल, महावीर अग्रवाल और मृतक प्रमोद अग्रवाल उर्फ कालू भी मौजूद थे। अचानक से किसी बात पर दोनों की कालू से बहस हो गई। दोनों आरोपियों ने अपने साथियों को



मौके पर बुला लिया। रॉकी पर आरोप था कि उसने कालू के सिर पर पत्थर से वार किया गया। महावीर ने लोहे की रॉड से हमला किया। लहुलूहान हालात में कालू को पास के निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पवन अग्रवाल की शिकायत पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 147, 302 के तहत अपराध दर्ज किया था। मौके से लोहे की रॉड और पत्थर बरामद किए गए थे। कई प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की गवाही दी। पुलिस ने रॉकी अग्रवाल, महावीर अग्रवाल, नीतिश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, श्रीकिशन अग्रवाल, कन्हैया वैष्णव (वर्तमान में मृत), शनि सिदार, नीरज यादव, भगदान चौहान को गिरफ्तार कर चालान पेश किया था। मामला सेशंस जज रायगढ़ की अदालत में चला। सेशंस कोर्ट रायगढ़ ने आरोपियों के खिलाफ साक्ष्यों व बयानों के आधार पर राहत दी। इसके विरुद्ध हाईकोर्ट में अपील की गई। आरोपीगण वर्तमान में जमानत पर हैं। एक आरोपी कन्हैया की मृत्यु हो चुकी है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और न्यायाधीश बिभु दत्ता गुरु ने पाया कि हत्या सुनियोजित तरीके से नहीं बल्कि उस क्षण के आवेग में आकर की गई। इसलिए धारा 302 के स्थान पर धारा 304 भाग दो का आरोपी माना। संजय अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल और सुनील अग्रवाल को प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर निर्दोष माना। अन्य सात आरोपियों को पांच-पांच साल के कठोर कारावास और 1000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

# चाकू की नोक पर करता रहा नाबालिग से दुष्कर्म, कोर्ट ने सुनाई 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नाबालिग को डरा धमका कर उसके गांव का ही युवक दो वर्षों तक लगातार दुष्कर्म करता रहा। नाबालिग ने युवक के परिजनों को भी इसकी जानकारी देते हुए उससे पीछा छुड़वाने की गुहार लगाई लेकिन नतीजा सिफर ही रहा। इस पर पीड़िता ने चक्रधरनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। उभयपक्ष की सुनवाई के बाद कोर्ट ने युवक को दोषी करार देते हुए उसे 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 6 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

पूरा मामला चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम भिखारीमाल का है, जहां नाबालिग किशोरी के माता-पिता का देहांत हो चुका है, जिसकी वजह से वह अपनी बूढ़ी दादी के साथ रहती है। 11 जनवरी 2024 के



दो वर्ष पूर्व किशोरी रात को तकरीबन 9 बजे दिशा मैदान के लिए निकली थी तब गांव का ही युवक शिशुपाल सेठ ने खेत में उसे चाकू दिखाते हुए जान से मार देने की धमकी देकर अनाचार किया। वहीं यह बात किसी को नहीं बताने को कहा। इससे किशोरी काफी डर गई थी और भय से उसने घटना के विषय में किसी को नहीं बताया। इस बात का फायदा उठाते हुए शिशुपाल जब मन करता था तब किशोरी को बुलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा। तकरीबन दो वर्षों तक किशोरी उसके सितम सहती रही। एक दिन हिम्मत कर नाबालिक ने आरोपी शिशुपाल के माता-पिता और उसके बड़े भाई से इस बात की शिकायत करते हुए उससे पीछा छुड़वाने की गुहार लगाई, लेकिन शिशुपाल के परिजनों ने उसकी बात को अनसुनी कर दिया। जिसके बाद 11 जनवरी 2024 को एक बार फिर शिशुपाल ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। आखिरकार पीड़िता ने थाने की शरण ली। पीड़िता ने शिशुपाल के विरूद्ध चक्रधर नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं किशोरी की रिपोर्ट पर जांच उपरांत पुलिस ने आरोपी शिशुपाल सेठ के विरूद्ध भादवि की धारा 376 (2) (ढ), 506 बी व पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार करते हुए अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीएसटी (पॉक्सो) देवेन्द्र साहू ने आरोपी शिशुपाल सेठ पिता संतराम सेठ निवासी भिखारीमाल को दोषी करार देते हुए भादंवि की धारा 506 बी के अपराध के लिए एक वर्ष के सश्रम कारावास व एक हजार रूपए का अर्थदण्ड तथा भादवि की धारा 376 (2)(ढ) व पॉक्सो एक्ट के अपराध के लिए 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं 5 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक मोहन सिंह ठाकुर ने पैरवी की है।

# नदी में डूबी कार, कंपनी ने क्लेम देने से किया इंकार फोरम के आदेश पर अब देना होगा हर्जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

2023 में केलो नदी में बाढ़ क़े कारण पानी चक्रपथ पर आ गया था जिसमें नटवर अग्रवाल ने चक्रपथ से कार पार करने का प्रयास किया, जिससे वाहन नदी में बह गई थी। वहीं कार के भीतर ही पानी में डूबने से नटवर अग्रवाल की मौत हो गई थी। इस मामले में उनकी पत्नी शारदा देवी अग्रवाल ने कार का टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी से बीमा क्लेम किया था, लेकिन बीमित राशि कंपनी द्वारा नहीं दिये जाने पर उन्होंने राशि दिलवाने के लिए उपभोक्ता फोरम में वाद दायर कर किया था। इस



मामले में उभयपक्ष की सुनवाई के बाद फोरम ने टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी को मृत्यु बीमा राशि के 15 लाख व मानसिक क्षति एवं वाद व्यय मिलाकर 20 हजार रूपए अदा करने का आदेश दिया है। साथ ही कार की मरम्मत का बिल प्रस्तुत किये जाने पर उसका भुगतान भी करने का निर्देश दिया गया है। जानकारी के अनुसार नटवर लाल अग्रवाल की टोयोटा कार का टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी से बडंल्ड आटो सिक्योर- प्राईवेट कार पॉलिसी के तहत बीमा करवाया गया था, जिसकी वैधता 31 जुलाई 2023 से 30 जुलाई 2026 तक थी।उक्त पॉलिसी में वाहन स्वामी-चालक के लिए 15 लाख रूपए बीमा का प्रवाधान है। बीमा पॉलिसी में नामिनी के रूप में उनकी पत्नी शारदा देवी अग्रवाल है। वहीं 3 अक्टूबर 2023 की शाम को लगभग साढ़े 7 बजे उक्त कार से नटवर अग्रवाल चक्रपथ से जाने के दौरान केलो नदी में जल प्रवाह बढऩे के कारण कार नदी में बह गई और पानी में डूबने की वजह से नटवर अग्रवाल की मृत्यु हो गई थी। इस पर दिसंबर 2023 को शारदा देवी अग्रवाल ने टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी में आवेदन देकर बीमा क्लेम किया था। वहीं कंपनी ने सर्वेयर के प्रतिवेदन में बीमित व्यक्ति के असवाधानीवश दुर्घटना घटने का हवाला देते हुए बीमा क्लेम अस्वीकार कर दिया था। इस पर शारदा देवी अग्रवाल ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कंपनी को नोटिस दी गई, परंतु नोटिस का जवाब नहीं मिला। वहीं शारदा देवी अग्रवाल ने उपभोक्ता फोरम में बीमा क्लेम दिलवाने की फरियाद करते हुए वाद दायर किया था।

# बंगुरसिया धान खरीदी केन्द्र में पहुंच रहे हाथी, धान को पहुंचा रहे नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के बंगुरसिया धान खरीदी केंद्र में हाथियों की आवाजाही बढ़ने लगी है। बीते दो रातों से हाथी धान खरीदी केंद्र में पहुंचकर धान की बोरियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें हाथी धान को नुकसान पहुंचाते हुए साफ नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार बंगुरसिया के जंगल से मंगलवार की रात दो हाथी भोजन की तलाश में धान खरीदी केंद्र में घुस आए। इस दौरान हाथियों ने 9 बोरी धान को खाया और कई बोरियों को फैलाकर नुकसान पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंचा और हाथियों की गतिविधियों पर निगरानी शुरू की गई। इतना ही नहीं इसके बुधवार रात को भी एक हाथी जंगल से निकलकर धान खरीदी केंद्र में पहुंच गया। इस हाथी ने केंद्र में रखी 6 बोरी धान को खाया और बाकी धान की बोरियों को फैलाकर नुकसान पहुंचाया। पूरी घटना केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। काफी देर तक केंद्र में रुकने के बाद हाथियों का दल वापस जंगल की ओर लौट गया। फिलहाल धान खरीदी केंद्र में हुए कुल नुकसान का आकलन किया जा रहा है और वन विभाग की ओर से निगरानी बढ़ा दी गई है। बंगुरसिया जंगल के ठीक पास धान खरीदी केंद्र है। ऐसे में हर साल इसी समय हाथियों का दल यहां पहुंचता है। इनमें से कुछ हाथी धान खरीदी केंद्र में घुसकर धान खाते और बोरियों को फैलाकर नुकसान पहुंचाते हैं। अब तक हाथियों के कारण शुरुआती तौर पर 15 बोरियों धान का नुकसान हो चुका है। हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग लगातार निगरानी कर रहा है।



### 44 हाथियों की है मौजूदगी

रायगढ़ वन मंडल क्षेत्र में कुल 44 हाथी मौजूद हैं। इनमें सबसे अधिक 32 हाथी बंगुरसिया पश्चिम क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। इसके अलावा बंगुरसिया पूर्व क्षेत्र में 5, तमनार रेंज के सामारूमा-पूंजीपथरा जंगल में 5 और घरघोड़ा रेंज के छर्राटांगर क्षेत्र में 2 हाथी दर्ज किए गए हैं। हाथियों के इस दल में 13 नर, 22 मादा और 9 शावक शामिल हैं।

## सत्यमेव जयते का नारा लगाते हुए सड़कों पर उतरे कांग्रेसी

# नेशनल हेराल्ड़ मामले को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ में नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जीत हुई सच्चाई की और सत्यमेव जयते लिखे पोस्टर हाथों में लेकर भाजपा कार्यालय का घेराव करने निकले थे, लेकिन श्याम टॉकीज रोड के पास ही पुलिस के द्वारा उन्हें रोक लिया गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की और सड़क पर बैठकर विरोध दर्ज कराया। पुलिस प्रशासन ने पहले से ही भाजपा कार्यालय से पहले बैरिकेड्स लगाकर भारी संख्या में बल तैनात कर रखा था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आगे बढ़ने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया, जिसके बाद मौके पर ही धरना और नारेबाजी शुरू हो गई।

### हेराल्ड मामले में क्लीन चिट को बताया सत्य की जीत

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पदाधिकायों नें कहा की सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में राजनीतिक द्वेष के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई थी। यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, लेकिन पहली ही सुनवाई में अदालत ने इसे खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह सच्चाई की जीत है और कांग्रेस सत्य के मार्ग पर चलती रहेगी। सत्य को परेशान किया जा सकता है, लेकिन पराजित नहीं किया जा सकता।

### भाजपा पर संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप

जिला कांग्रेस कमेटी ने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया गया। न्यायालय के फैसले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नेशनल हेराल्ड मामले में कोई ठोस आधार नहीं था। उन्होंने कहा कि लगभग 2 हजार करोड़ रुपए के कथित मामले में न्यायालय से क्लीन चिट मिलने के बाद भाजपा की साजिश बेनकाब हो गई है।

### गुरूघासीदास लोक कला महोत्सव के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

**सरसीवा।** संत शिरोमणी बाबा गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 21 दिसंबर को जिला मुख्यालय में गुरू घासीदास पुष्पवाटिका सारंगढ़ में किया जाएगा। अनुसूचित जाति वर्ग के समुदाय की पारंपरिक लोककला पंथी नृत्य, पंथी गायन कार्यक्रम में भाग लेने वाले दल अपने दल प्रमुख का नाम, मोबाईल नंबर, ग्राम का नाम, प्रतिभागियों की संख्या विवरण सहित जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, शासकीय पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय कॉलेज के पास कोसीर रोड जिला सारंगढ़.बिलाईगढ़ में 19 दिसंबर तक जमा कर सकते है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने दी जिले की और 4 सड़कों की मंजूरी



**जशपुरनगर।** जिले के सर्वांगीण विकास की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक और बड़ी पहल करते हुए 4 प्रमुख सड़कों के निर्माण के लिए कुल 12 करोड़ 69 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय से आवागमन सुविधाजनक होगा, ग्रामीण–शहरी संपर्क मजबूत होगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। इस सौगात पर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। स्वीकृत सड़कों में जिले के कंडोरा से आराकोना पहुंच मार्ग 3 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए 3 करोड़ 86 लाख रुपए की मंजूरी, माडो से ढेंगनी पहुंच मार्ग 3 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 3 करोड़ 77 लाख रुपए की मंजूरी, चराईडांड के मलेरिया बस्ती से एनएच–43 तक 1.90 किलोमीटर सड़क के लिए 2 करोड़ 20 लाख रुपए की स्वीकृति एवं बेहराखार अटल चौक से कुरूमढ़ोड़ा तक 2.86 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 3 करोड़ 76 लाख रुपए की मंजूरी मिली है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने दो वर्षों के कार्यकाल में जिले को सड़क निर्माण के लिए लगभग 1 हजार करोड़ रुपए की सौगात दी है। इससे न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूती मिली है, बल्कि ग्रामीण अंचलों की तस्वीर भी तेजी से बदल रही है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय को विकासोन्मुखी और जनहितकारी कदम बताते हुए लोगों में उत्साह का माहौल है।

### कोतबा में 20 से बहेगी भक्ति की रसधार

**कोतबा।** जशपुर जिले की धर्मनगरी कोतबा एक बार फिर भक्ति के रंग में रंगने को तैयार है। नगर के श्याम मंदिर, तिलगोड़ा प्रांगण में आगामी 20 दिसंबर से सार्वजनिक श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान 26 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें क्षेत्र के धर्मप्रेमी बंधु भक्ति रस का पान करेंगे। आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार, कथा का वाचन वृंदावन धाम से पधार रहीं सुप्रसिद्ध कथा वाचिका राधे प्रिया जी के मुखारविंद से किया जाएगा। वहीं, कार्यक्रम का पावन सानिध्य श्याम मंदिर कोतबा के आचार्य बलराम ब्रजवासी को प्राप्त होगा। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। सप्ताह भर चलने वाले इस आध्यात्मिक महाकुंभ का शुभारंभ 20 दिसंबर, शनिवार को भव्य कलश यात्रा, देव प्रतिष्ठा और भागवत महात्म्य के साथ होगा। नगर की महिलाएं और युवतियां कलश यात्रा में शामिल होकर नगर भ्रमण करेंगी।

### वेतन वृद्धि का नहीं करने पर विद्युतकर्मी करेंगे आंदोलन

**अम्बिकापुर।** ज्वलंत मांगों के संबंध में लिखित आश्वासन के बावजूद आदेश जारी नहीं होने और विद्युतकर्मियों को बिजली बिल में छूट बंद करने के विरोध में विद्युत कर्मचारी महासंघ ने चेयरमैन के नाम से मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। महासंघ के विमलेन्द्र साहू ने बताया कि पिछले दिनों धरना-प्रदर्शन उपरांत विद्युत प्रबंधन एवं महासंघ के बीच द्विपक्षीय वार्ता में वर्ष 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारी-अधिकारी के लिए पुरानी पेंशन और संविदा कर्मचारियों की वेतन वृद्धि के आदेश शीघ्र जारी करने के संबंध में सहमति बनी थी तथा प्रबंधन लिखित आश्वासन जारी किया था। दो माह से अधिक समय व्यतीत होने के बाद भी प्रबंधन द्वारा इस संबंध में आदेश जारी नहीं किया गया है। प्रबंधन द्वारा नियमित/सेवानिवृत्ति कर्मचारियों के आवासीय परिसर में पीएम सूर्यघर योजना का सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित करने का आदेश जारी किया गया तथा प्लांट स्थापित नहीं करने पर बिजली बिल में मिल रही 50 प्रतिशत छूट को बंद कर दिया गया। प्रबंधन की वादाखिलाफी के विरोध में महासंघ द्वारा क्षेत्रीय मुख्यालयों में मुख्य अभियंता को चेयरमैन के नाम से ज्ञापन दिया गया। 30 दिसंबर तक सकारात्मक आदेश जारी नहीं करने पर 1 से 8 जनवरी तक वर्क टू रूल कार्य करने और 11 फरवरी से अनिश्चितकालीन कामबंद आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है।

# ओडिशा का धान रायगढ़ में खपाने की कोशिश नाकाम, दो पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राज्य शासन की खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 की धान खरीदी नीति का सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए रायगढ़ जिला प्रशासन की पूरी टीम सख्ती के साथ कार्रवाई कर रही है। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देश पर जिले में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर 24 घंटे सतत निगरानी रखी जा रही है।

■ कलेक्टर और एसपी के निर्देश पर देर रात हुई कार्रवाई, कोचियों और बिचौलियों में मचा हड़कंप

इसका सीधा असर सीमा क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है, जहां मंगलवार की देर रात को प्रशासन की टीम ने ओडिशा का धान छत्तीसगढ़ में खपाने की कोशिश को नाकाम कर दिया। अवैध रूप से छत्तीसगढ़ की सीमा पर धान का अवैध परिवहन करने वाले दो माल वाहक गाड़ी पिकअप चालक सुनील कुमार यादव व निरंजन यादव और दो कोचियों शेखर जायसवाल व कृष्णा जायसवाल पर एफआईआर दर्ज करा दी गई है तथा 120 कट्टा धान जब्त कर लिया गया है। इस कार्यवाही से धान के अवैध परिवहन और भंडारण में लिप्त धान कोचियों और बिचौलियों में हड़कंप मच गया है। इधर, कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य में लगे अमले को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वालों और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का दुरुपयोग करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को देर रात को डिस्ट्रिक्ट इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर की संयुक्त टीम द्वारा पाकरगांव से लैलूंगा मार्ग पर औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान वाहन क्रमांक ओडी 15 एन 9399




एवं ओडी 16 एन 3755 को रोका गया। जांच में पाया गया कि दोनों वाहन चालक सुनील कुमार यादव, निवासी ग्राम जमुना एवं निरंजन यादव, निवासी ग्राम डोंगादरहा बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहे थे। वाहनों की तलाशी लेने पर प्रत्येक वाहन में 60-60 बोरी, कुल 120 बोरी धान बिना किसी वैध दस्तावेज के परिवहन करते हुए पाया गया। पूछताछ में बताया गया कि लैलूंगा निवासी शेखर जायसवाल एवं कृष्णा जायसवाल द्वारा इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा था। इनके द्वारा अवैध रूप से धान खपाने की कोशिश की जा रही थी। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उक्त धान को अन्य किसानों के नाम पर धान उपार्जन केंद्रों में विक्रय करने की मंशा थी, जिससे शासन को आर्थिक क्षति पहुंच सकती थी। उल्लेखनीय है कि वाहन क्रमांक ओडी 16 एन 3755 को पूर्व में भी 10 दिसंबर 2025 को 69 बोरी अवैध धान परिवहन के मामले में प्रभारी तहसीलदार मुकडेगा द्वारा जब्त किया गया था, जिसे 15 दिसंबर 2025 को कृषि उपार्जन मंडी समिति घरघोड़ा द्वारा मुक्त किया गया था। इसके बावजूद उक्त वाहन पुनः अवैध धान परिवहन करते हुए पकड़ा गया, जिससे आरोपितों की मंशा स्पष्ट हो गई। जांच में यह भी सामने आया कि ओडिशा राज्य के धान को छत्तीसगढ़ के किसानों के नाम पर उपार्जन केंद्रों में बेचकर लगभग 1 लाख 86 हजार रुपये की शासकीय राशि अवैध रूप से प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा था। यह कृत्य संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण द्वारा जारी निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है और भारतीय न्याय संहिता के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। प्रशासन द्वारा दोनों वाहनों को धान सहित जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है तथा संबंधित वाहन चालकों एवं मौके पर उपस्थित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में धान खरीदी के नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले में धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए 24 घंटे सघन निगरानी जारी है। धान के अवैध भंडारण, परिवहन अथवा फर्जी विक्रय में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले की सीमा ओडिशा राज्य से लगी होने तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य दिए जाने के कारण कोचिया एवं बिचौलियों द्वारा बाहरी राज्य से धान लाकर जिले के उपार्जन केंद्रों में खपाने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। हालांकि, प्रशासन की कड़ी निगरानी और सतत जांच के चलते ऐसे प्रयासों पर प्रभावी रोक लगाई जा रही है।

## पीएम आवास के लिए छूट का फायदा उठा रहे रेत माफिया

# खोखली होती ईब नदी, ट्रैक्टर से रेत लाकर कर रहे कालाबाजारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के विकासखंड फरसाबहार में आने वाले समडमा, बघियाकानी व कांसाबेल विकासखंड के कछुआकानी क्षेत्र में ईब नदी से बालू का अवैध रूप से बेखौफ तरीके से उत्खनन किया जा रहा है। रेत माफिया प्रधानमंत्री आवास योजना का नाम लेकर ट्रैक्टर और मशीनों के जरिए नदी घाटों से दिन-रात बालू निकाल रहे हैं।

जानकारी के अनुसार पहले जहां एक ट्रॉली रेत 12 सौ रुपए में मिल जाती थी, वहीं अब यही रेत 3 हजार से 5 हजार रुपए तक बेची जा रही है। जानकारी के अनुसार जिले में ईब नदी से प्रतिदिन करीब 30 लाख रुपए मूल्य की रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। निर्देशों के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए ट्रैक्टर से रेत ले जाने की सीमित छूट दी गई है, लेकिन इसी छूट का दुरुपयोग करते हुए रेत माफिया खुलेआम असीमित अवैध खनन कर रहे हैं। समडमा घाट से बिना किसी वैध अनुमति के ट्रैक्टरों के माध्यम से दिन रात बालू निकाला जा रहा है।

**12 सौ रुपए ट्रॉली की रेत को 3 से 5 हजार रुपए तक बेच रहे**



**रेत माफिया कर रहे तस्करी:** स्थिति और भी गंभीर इसलिए हो जाती है क्योंकि बघियाकानी से कछुआकानी के बीच ईब नदी पर सेतु विभाग द्वारा निर्मित पुल के ठीक नीचे और आसपास रेत खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद पुल के पिलरों के समीप खुलेआम बालू निकाली जा रही है। सुबह 5 बजे से लेकर रात 11 बजे तक ट्रैक्टर और मशीनों की कतार घाटों पर लगी रहती है। बताया जा रहा है कि हर घाट से प्रतिदिन 200 से अधिक ट्रैक्टर रेत निकाली जा रही है। शासन द्वारा पीएम आवास के नाम पर ट्रैक्टरों पर कार्रवाई पर रोक लगाए जाने का सीधा लाभ रेत तस्करों को मिल रहा है। घाट बंद होने का हवाला देकर ये लोग दोगुने से पांच गुना दामों में ओडिशा और रायगढ़ जिले के लैलूंगा, कोतबा, लुड़ेग के इलाकों में खपाई जा रही रेत फरसाबहार के बघियाकानी में ईब नदी से इस तरह अवैध खनन किया जा रहा। ग्रामीणों ने बताया- हर घाट से प्रतिदिन 200 से अधिक ट्रैक्टर रेत निकाली जा रही है।

### 200 ट्रैक्टर से अधिक का प्रतिदिन उत्खनन

कांसाबेल विकासखंड के कछुआकानी एवं फरसाबहार के बाघीयाकानी क्षेत्र से प्रतिदिन लगभग 200 ट्रैक्टर रेत निकाले जाने की बात सामने आ रही है, जिसकी आपूर्ति कुनकुरी और झारखंड के सिमडेगा जिले तक की जा रही है। यह अवैध गतिविधि के दिनदहाड़े जारी है।

### रोड पर लगा रहता है जाम

ग्राम पंचायत अमडीहा के बलुआबहार क्षेत्र में शासन द्वारा विधिवत स्वीकृत रेत खदान मौजूद है, जहां नियमों के अनुसार रॉयल्टी लेकर रेत का वितरण किया जा रहा है। इसके बावजूद अवैध खनन करने वाले लोग अधिक मुनाफे के लालच में वैध खदान से रेत लेने के बजाय समडमा के ईब नदी घाटों को निशाना बना रहे हैं। इसके कारण सिंगीबहार बघियाकानी मार्ग पर भारी ट्रैक्टर ट्रैफिक बना रहता है।

### सख्त कार्रवाई की जाएगी

इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुनकुरी ने बताया कि शासन के गाइड लाइन के अनुरूप पीएम आवास निर्माण के अलावा किसी तरह से कोई अवैध खनन के मामले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# भीषण सड़क हादसे में पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ नारायणपुर के अटल चौक पर खड़ी बस से टकराई बाइक

नारायणपुर थाना क्षेत्र के अटल चौक में यह हादसा उस समय हुआ, जब जशपुर से अंबिकापुर की ओर जा रही अंबालिका यात्री बस सड़क किनारे सवारी उतारने के लिए रुकी हुई थी। इसी दौरान एक बाइक बस से जा टकराई, और इस टक्कर ने एक ही परिवार के दो लोगों की जान ले ली।

हादसा इतना भीषण था कि बाइक चला रहे पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पुत्र को अस्पताल ले जाया जा रहा था,लेकिन रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया। मृतक केरसई के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो सेन्द्रीमुण्डा महुवाटोली में अपने परिचित के यहां मेहमान बनकर आए थे। सुबह घर लौटते समय यह दर्दनाक हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस मौके पर मौजूद है, मामले की जांच की जा रही है, और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# सारंडा में सक्रिय माओवादी रोया कालुंदी का आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

■ हिंसा छोड़ समाज की मुख्यधारा में लौटने का संकल्प

एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के उसे सारंडा में सक्रिय माओवादी कैडर रोया कालुंदी उर्फ गणेश ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर हिंसा का मार्ग त्यागने और सामान्य जीवन अपनाने का संकल्प लिया है। वह ग्राम कोंटोडिया, थाना जमदा, जिला पश्चिम सिंहभूम झारखंड का निवासी है। राउरकेला उदित नगर जिला पुलिस मुख्यालय में गुरुवार 18 दिसंबर को माओ संगठन से मिले एके 47 के साथ गणेश ने सुरेंडर किया। यहां डी आई जी बृजेश राय और एसपी नितेश वाधवानी का स्वागत करते हुए आत्म समर्पण करने वाले गणेश को प्रोत्साहित करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार उसने वर्ष 2022 में मात्र 12 वर्ष की आयु में रप्पा और गुंगा के प्रभाव में माओवादी संगठन की सदस्यता ली थी और मच्छू के नेतृत्व में कोल्हान व सारंडा क्षेत्र में सक्रिय रहा। संगठन में रहने के दौरान उसकी गतिविधियां बलिबा, तिरिलपोश, लैइलोर, जमारडीही और जोजोदेड़ा क्षेत्रों में रहीं। वह वर्ष 2025 में हुए बांको विस्फोटक लूट कांड, रेलवे ट्रैक ब्लास्ट और आईईडी विस्फोट जैसे गंभीर मामलों में भी शामिल रहा। बांको विस्फोटक लूट की योजना के तहत आयोजित बैठक में उसने नागरिक वेश में संतरी ड्यूटी निभाई और खुफिया जानकारी एकत्र की। लगातार जान का खतरा, भय और माओवादी विचारधारा से उपजी निराशा के कारण उसने संगठन छोड़ने का निर्णय लिया। आत्मसमर्पण के बाद उसे ओडिशा सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत 1,65,000 की वित्तीय सहायता, कौशल विकास प्रशिक्षण, मासिक वजीफा, स्वास्थ्य और राशन सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उसने एक कार्यशील 9 एमएम कार्बाइन हथियार भी जमा किया है, जिससे उसे अतिरिक्त लाभ मिलेगा। राउरकेला पुलिस ने अन्य माओवादी कैडरों से भी आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटने और राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने की अपील की है।

# नशामुक्त भारत के संकल्प को साकार करेगा एओएल

**सुंदरगढ़।** नशामुक्त भारत के निर्माण के उद्देश्य से राज्य सरकार के दिव्यांग सशक्तीकरण एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग तथा विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय आर्ट ऑफ लिविंग मास्टर स्वयंसेवक प्रशिक्षण शिविर का सफल समापन किया गया। इस सप्ताहव्यापी आवासीय प्रशिक्षण शिविर में सुंदरगढ़ जिले के 13 प्रखंडों से 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

यह प्रशिक्षण शिविर 10 दिसंबर से 16 दिसंबर तक स्थानीय अमर भवन में आयोजित किया गया, जहां प्रतिभागियों को सुदर्शन क्रियाए योग, प्राणायाम एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर का समापन समारोह 16 दिसंबर की सुबह उदित नगर स्थित आर्ट ऑफ लिविंग के स्पेस केंद्र में संपन्न हुआ। समापन समारोह में राउरकेला विधायक शारदा प्रसाद नायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि सामाजिक सुरक्षा विभाग की अनुमंडल अधिकारी मिनू तांडिया सम्मानित अतिथि रहीं। आर्ट ऑफ लिविंग के सामाजिक परियोजना निदेशक भोला नाथ जेना ने कार्यक्रम का संचालन किया।

मुख्य अतिथि ने समाज कल्याण के क्षेत्र में आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयंसेवकों के सतत प्रयासों की सराहना की और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों से नशामुक्त भारत के निर्माण हेतु निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रशिक्षण देने वाली प्रशिक्षिकाएं लक्ष्मीमणि जेना एवं सरिता महालिक ने भी अपने विचार रखे। शिविर की उपयोगिता को लेकर प्रतिभागियों ने भावपूर्ण अनुभव साझा किए। शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग के सभी शिक्षकों ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन कर नशा मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने मददगार बनने का आह्वान किया।

# छत्तीसगढ़ में ओडिशा के ट्रकों के साथ भेदभाव से ट्रक मालिकों को भारी नुकसान : राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा



**सुंदरगढ़।** छत्तीसगढ़ के ट्रक मालिक संघ द्वारा मनमानी और दादागिरी किए जाने का गंभीर आरोप सामने आया है। आरोप है कि छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में ओडिशा के ट्रकों को जानबूझकर रोका जा रहा है, जिससे ट्रक मालिकों और चालकों को भारी आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सुंदरगढ़ जिले के विस्थापित वाहन मालिक संघ के अंतर्गत संचालित एसटीओए, जेजेटी, और यूसीटीओ, से जुड़े ट्रक गर्जनबहाल और कुल्डा कोयला खदानों से कोयला लोड कर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ स्थित आईएनडी साइनर्जी, एमएसपी, मां मंगला, मां सकंबरी सहित अन्य औद्योगिक इकाइयों में अनलोडिंग के लिए जा रहे थे। इसी दौरान रायगढ़ जिले के ट्रेलर मालिक संघ द्वारा इन ट्रकों को बिना किसी ठोस कारण के रास्ते में रोक दिया गया। राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजकुमार यादव ने आरोप लगाया है कि इस अवैध रोक के कारण उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। साथ ही ट्रक चालकों के साथ दुर्व्यवहार, मारपीट तथा ट्रकों से बैटरी, डीजल और अन्य उपकरणों की चोरी जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए संबंधित ट्रक मालिक संघों ने 17 तारीख बुधवार को रायगढ़ जिला ट्रेलर मालिक संघ के साथ बैठक कर ट्रकों को सुचारु रूप से चलने देने का अनुरोध किया था। बैठक में रायगढ़ ट्रेलर मालिक संघ ने सहमति भी जताई थी और कुछ समय के लिए ट्रकों का आवागमन शुरू हुआ, लेकिन आरोप है कि थोड़ी देर बाद फिर से ट्रकों को रोक दिया गया। इस कारण कई ट्रक औद्योगिक इकाइयों में कोयला अनलोड करने के बाद अपने मूल स्थान पर वापस नहीं लौट पा रहे हैं, जिससे ट्रक मालिकों को अनावश्यक परेशानियों और अतिरिक्त खर्चों का सामना करना पड़ रहा है।

## विजय भूषण सिंहदेव कन्या महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन

# शोध कोई अल्पकालिक प्रक्रिया नहीं, यह समय और समर्पण मांगता है: सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासकीय विजय भूषण सिंहदेव कन्या महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के तत्वावधान में एक विशेष शैक्षणिक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

"नोवेल स्कर्फी माउस म्यूटेंट एंड नोबेल प्राइज इन फिजियोलॉजी ऑर मेडिसिन " विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो.प्रेम प्रकाश सिंह उपस्थित रहे। व्याख्यान में चिकित्सा विज्ञान और शोध की आधुनिक उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो.सिंह ने कहा कि शोध एक दिन या कुछ महीनों में पूरा होने वाली प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह वर्षों की मेहनत, धैर्य और पूर्ण समर्पण की मांग करता है। उन्होंने छात्राओं को अनुसंधान के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और असफलताओं से सीखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में सफलता उन्हीं को मिलती है, जो निरंतर प्रयास करते हैं और अपने लक्ष्य पर डटे रहते हैं। व्याख्यान के दौरान प्रो. सिंह ने वर्ष के चिकित्सा विज्ञान के नोबेल पुरस्कार पर विशेष रूप से प्रकाश डाला।



### रेगुलेटरी टी सेल्स हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को संतुलित रखने ने अहम

नोबेल पुरस्कार 2025 ‡पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस‡ की खोज प्रो.सिंह ने "स्कर्फी माउस"पर किए गए प्रयोगों के उदाहरण के माध्यम से इस जटिल विषय को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने बताया कि एफओएक्सपी 3 जीन और रेगुलेटरी टी-सेल्स हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को संतुलित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। यदि यह संतुलन बिगड़ जाए तो ऑटोइम्यून बीमारियां उत्पन्न हो सकती हैं, जिनमें शरीर खुद अपने अंगों को नुकसान पहुंचाने लगता है। उन्होंने कहा कि इस खोज से भविष्य में ऑटोइम्यून रोगों, कैंसर के उपचार और अंग प्रत्यारोपण के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव संभव होंगे। चिकित्सा विज्ञान में यह खोज मील का पत्थर साबित हो सकती है, क्योंकि इसके माध्यम से नई दवाओं और उपचार पद्धतियों का विकास किया जा सकेगा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम अधिकारी खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2025-26
ग्राम बरभौना, प.ह.न. 29,

**- ईश्तहार-**

एतत द्वारा आम जनता ग्राम बरभौना, प.ह.न. 29, तहसील खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका भुनेश्वरी पटेल पति राजकुमार पटेल, निवासी ग्राम भालूमुड़ा, तहसील तमनार, जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा भू-राजस्व संहिता की धारा 172 के तहत अपने हक अधिकार एवं स्वामित्व कि भूमि ग्राम बरभौना, प. ह.न. 29, तहसील खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 303/3, 307, 308, 309/3 रकबा कमशः 0.233, 0.032, 0.077, 0.016 हे. कुल खसरा नं. 04 कुल रकबा 0.358 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदित भूमि को व्यपवर्तित करने में जिस किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के साथ प्रकरण में नियत दिनांक 22/12/2025 को न्यायालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है, ध्यान रहें नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**खरसिया**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम अधिकारी खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

रा.प्र.क. /अ-2/2025-26
ग्राम बरभौना, प.ह.न. 29,

**- ईश्तहार-**

एतत द्वारा आम जनता ग्राम बरभौना, प.ह.न. 29, तहसील खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका भुनेश्वरी पटेल पति राजकुमार पटेल, निवासी ग्राम भालूमुड़ा, तहसील तमनार, जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा भू-राजस्व संहिता की धारा 172 के तहत अपने हक अधिकार एवं स्वामित्व कि भूमि ग्राम बरभौना, प. ह.न. 29. तहसील खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.) में स्थित कृषि खसरा नं. 350/2 रकबा 0.040 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदित भूमि को व्यपवर्तित करने में जिस किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के साथ प्रकरण में नियत दिनांक 22/12/2025 को न्यायालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है, ध्यान रहें नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**खरसिया**

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

UNIVERSITY GRANTS COMMISSION (UGC), NEW DELHI

प्रथम दीक्षांत समारोह में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ जिसमें माननीय श्री टंकराम वर्मा माननीय मंत्री, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, उच्च-शिक्षा, छत्तीसगढ़ -शासन,प्रो. वी.के गोयल अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, सुरेन्द्र कौशिक जी, श्रीमती रंजनी बघेल जी, कुलाधिपति श्री सुशील चन्द्राकर, कुलपति प्रो. बी. एन. तिवारी एवं कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार उपस्थित रहे...


डॉ. ऋचा सेन - बायोटेक्नोलॉजी





डॉ. प्रज्ञा चंद्राकर - एजुकेशन


डॉ. भूपेन्द्र कुमार कुलदीप - माइक्रोबायोलॉजी


डॉ. रोहिणी मुदलियार - सीएसई


डॉ. उमेश कुमार पटेल- हिस्ट्री


डॉ. आस्था चंदेल - मैनेजमेंट


डॉ. प्रवीण वर्मा - इकोनॉमिक्स


डॉ. गीता जुंजानी - कम्प्यूटर साइंस | डॉ. अर्पणा- एजुकेशन | डॉ. खेमलता गोस्वामी - हिंदी | डॉ. श्वेता दुबे - केमिस्ट्री | डॉ. अमित घोष- मैथेमेटिक्स | डॉ. फौजिया - एजुकेशन | डॉ. घनश्याम साहू -सीएसई


डॉ. एकता सारडे- एजुकेशन | डॉ. ज्योति राजपुत - सोशल वर्क | डॉ. ऋतु विश्वकर्मा - एजुकेशन | डॉ. हेमंत कुमार साव - एजुकेशन | डॉ. योगेश कुमार साव - एजुकेशन | डॉ. कुमकुम गुलहरे - हिंदी | डॉ. किरण गौतम - सोशियोलॉजी


डॉ. मंजूलता अग्रवाल - सोशियोलॉजी | डॉ. सरोज पांडेय - साइकोलॉजी | डॉ. पुष्पिता दास गुप्ता - इंग्लिश | डॉ. जागृति जांगडे - इंग्लिश | डॉ. झारेन्द्र - हिंदी | डॉ. नरेन्द्र सोनी - साइकोलॉजी | डॉ. आनंद कुमार गौतम - मैनेजमेंट


डॉ. नीलम त्रेहन - सोशियोलॉजी | डॉ. रीतु ठाकरे - सोशियोलॉजी | डॉ. लक्ष्मी प्रसाद - सोशियोलॉजी | डॉ. नीलकमल - साइकोलॉजी | डॉ. यशवंत श्रीवास्तव - साइकोलॉजी | डॉ. कमलेश कुमार देशमुख - पॉलिटिकल साइंस | डॉ. शाहिना बेगम - हिस्ट्री


डॉ. परमेश्वरी - हिंदी | डॉ. निकिता चतुर्वेदी - सोशियोलॉजी | डॉ. रूपाली शर्मा - सोशियोलॉजी | डॉ. ज्योति सिंह - सोशियोलॉजी | डॉ. ममता शर्मा- सोशियोलॉजी | डॉ. अनिता डरसेना - इंग्लिश | डॉ. अखिलेश सेन - पॉलिटिकल साइंस


डॉ. नंदिनी सिंह - योगा | डॉ. ओमप्रकाश सिंह- योगा | डॉ. चन्द्रकांत सोनवानी - हिंदी | डॉ. रविशंकर साहू- पॉलिटिकल साइंस | डॉ. वंदना चंदेल - पॉलिटिकल साइंस | डॉ. लव कुमार वर्मा - जुलॉजी | डॉ. झरना चन्द्राकर- मैथेमेटिक्स


डॉ. ममिता - मैथेमेटिक्स | डॉ. एम. भाग्यलक्ष्मी - मैथेमेटिक्स | डॉ. वर्षा मिश्रा - केमिस्ट्री | डॉ. शेषकुमारी - केमिस्ट्री | डॉ. पुर्णिमा सरोज - केमिस्ट्री | डॉ. अनुराधा स्वर्णकार - मैथेमेटिक्स | डॉ. अभिषेक शुक्ला- पॉलिटिकल साइंस


डॉ. विद्या साहू - कॉमर्स | डॉ. सुमन स्वर्णकार- कॉमर्स | डॉ. सोमकुमारी- मैथेमेटिक्स | डॉ. तेजन दास साहू - फिजिक्स | डॉ. लुमेश्वरी साहू - फिजिक्स | डॉ. भारती - एजुकेशन | डॉ. निरज केशवराव नागरले - ईटी एंड टी


डॉ. पी.व्ही. संजना - एजुकेशन | डॉ. आशा शर्मा - एजुकेशन | डॉ. मृणाली पात्रेकर- कॉमर्स | डॉ. कन्हैया लाल रजक- कॉमर्स | डॉ. कल्पना साहू - मैनेजमेंट | डॉ. मंजूषा खेडेकर - एजुकेशन | डॉ. शैलजा शुक्ला - एजुकेशन


डॉ. प्रभागिरी - एजुकेशन | डॉ. रेखा त्रिपाठी- एजुकेशन | डॉ. तनुजा चन्द्राकर- एजुकेशन | डॉ. गंगाश्री उजाला- एजुकेशन | डॉ. दुर्गा श्रीवास्तव - एजुकेशन | डॉ. मिनाश्री वर्मा- एजुकेशन | डॉ. रितु अग्निहोत्री- एजुकेशन


डॉ. जपना शर्मा - एजुकेशन | डॉ. जसुधा- एजुकेशन | डॉ. रितीका श्रीवास्तव - एजुकेशन | डॉ. के. रीता राव- एजुकेशन | डॉ. नीलम विकास सुखदेवे- एजुकेशन | डॉ. जयश्री वर्मा- एजुकेशन


प्रो. आर.पी. अग्रवाल
लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

**अपने सपनों के साथ-साथ माता-पिता के सपने साकार करने और लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं...**

62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 www.bhartiuniversity.org bhartiuniversity.in@gmail.com

## खबर संक्षेप

### जहरीली शराब के सेवन से महिला की मौत, जांच शुरू

**बीरमित्रपुर।** सुंदरगढ़ जिले के बीरमित्रपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अंधारी पंचायत के घघारीबस्ती में एक महिला की अस्वाभाविक मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान दीपा साहू 35 के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में विषाक्त शराब के सेवन से मौत की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, दीपा साहू शराब का नियमित सेवन करती थीं। सोमवार को वह अंधारीबस्ती गई थीं, जहां उन्होंने देशी महुआ शराब पी और बाद में घर लौट आईं। बुधवार को ग्रामीणों ने उनका शव घर के भीतर पड़ा देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर एसआई साजन कुमार और विजय देहुरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

### बनाई अंचल में खरीफ धान की खरीददारी शुरू

**राउरकेला।** बनाई अनुमंडल में खरीफ धान की खरीद प्रक्रिया का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया गया। बणाईगढ़ लैम्प्स के अंतर्गत दर्इकला एजेएमसी परिसर में स्थापित मंडी में केंद्रीय जनजातीय कार्य एवं कल्याण मंत्री जुएल ओराम ने मुख्य अतिथि के रूप में धान खरीद के लिए मंडी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर किसानों में उत्साह देखने को मिलाए क्योंकि सरकारी व्यवस्था के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीद की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में बनाई विधायक लक्ष्मण मुंडा, बनाई सब कलेक्टर अक्षय पिलाई, सुंदरगढ़ जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार त्रिपाठी, बणाई सहकारी उपनिबंधक अजय कुमार सेठी, बणाई लैम्प्स के अध्यक्ष भास्कर किसान और प्रबंध निदेशक हरेंद्र कुमार बारिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इनके अलावा गोविंद कुअंर, सुब्रत भोई सहित अनेक कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान भी कार्यक्रम में शामिल हुए। धान खरीद के पहले ही दिन पांच किसानों से कुल 105 क्विंटल धान की खरीद की गई। अधिकारियों ने किसानों को भरोसा दिलाया कि खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ही धान लिया जाएगा, जिससे किसानों को समय पर भुगतान और उचित लाभ सुनिश्चित हो सके।

### आशीष मुंडारी की लाश चौथे दिन भी नहीं उठी

**बीरमित्रपुर।** शहर के वार्ड नौ के ब्राह्मण मारा टुंगरी टोला में रविवार की शाम स्ट्रीट लाइट मरम्मत के दौरान हाई वोल्टेज की चपेट में आने से नुआ गांव ब्लॉक के खूंट गांव पंचायत के तीतरकेला निवासी 19 वर्षीय युवा मैकेनिक आशीष मुंडारी की मौत हो गई। नपा व ठेकेदार की उपेक्षा से मुआवजे पर सहमति नहीं बन पाने से घटना के चार दिन बाद बुधवार तक भी आशीष का शव नहीं उठाया जा सकाए जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सोमवार की सुबह से वे बीरमित्रपुर थाना पहुंचे और न्याय की मांग कर रहे हैं। बावजूद इसके ठेकेदार घटनास्थल पर नहीं पहुंचे और उन्हें बार बार गुमराह किया गया। मंगलवार को सड़क जाम के बाद मिले आश्वासन के बावजूद भी बुधवार को ठेकेदार उपस्थित नहीं हुआ। थाना प्रभारी आरपी नाग और एसडीपीओ शुशांत दास के राजगांगपुर, लांजीबेरना में भू अधिग्रहण को लेकर चल रहे विवाद और तनाव के कारण बुधवार को वहां चले जाने से उनकी वार्ता नहीं हो सकी। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष और कार्यपालक अधिकारी ईओ की तरफ से भी अपेक्षित सहयोग नहीं मिला, जिससे ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। जिससे मंगलवार की रात ग्रामीणों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए सड़क जाम कर दिया। उन्होंने ठेकेदार और नगरपालिका की उपेक्षा को गंभीर रूप से लिया और न्याय की मांग करते हुए गुस्से का इजहार किया। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाए और मृतक आशीष के परिवार को 15 लाख का उचित मुआवजा दिया जाए। इस घटना ने इलाके में सुरक्षा और सरकारी जवाबदेही को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों की ली बैठक

# किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने में ना हो कोई परेशानी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी की प्रक्रिया को पूरी तरह सुचारू, पारदर्शी एवं किसान हितैषी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। किसानों को उनके वास्तविक धान विक्रय में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए कलेक्टर ने रकबा समर्पण, धान उठाव तथा भौतिक सत्यापन की प्रगति पर विशेष जोर देते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर स्वयं प्रतिदिन धान खरीदी योजना की मॉनिटरिंग कर रहे हैं तथा प्रत्येक शाम समीक्षा बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के 105 धान उपार्जन केंद्रों के नोडल अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर एवं जिला धान खरीदी के नोडल अधिकारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो, सभी अनुविभागीय अधिकारी, खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बिंदुवार अब तक की धान खरीदी की प्रगति, धान के उठाव की स्थिति, बारदाना की उपलब्धता, किसानों को ऑनलाइन टोकन सुविधा, पोर्टल में प्रविष्टि, रकबा समर्पण, भौतिक सत्यापन तथा धान के अवैध भंडारण एवं परिवहन पर की जा रही कार्रवाई की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिन उपार्जन केंद्रों की बफर लिमिट पूर्ण हो चुकी है, वहां धान के उठाव की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। इसके लिए अधिक से अधिक डिलीवरी ऑर्डर जारी कर समयबद्ध उठाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि उपार्जन केंद्रों में खरीदी प्रभावित न हो।



### रकबा समर्पण एवं भौतिक सत्यापन में लाएं तेजी

कलेक्टर ने तहसीलवार रकबा समर्पण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन किसानों ने अपना धान विक्रय कर लिया है, उनका रकबा समर्पण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही भौतिक सत्यापन की कार्यवाही में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में कृषि विभाग के अमले का प्रभावी उपयोग किया जाए। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने उपार्जन केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें तथा धान खरीदी की वास्तविक स्थिति की सतत निगरानी रखें। किसी भी प्रकार की समस्या या अव्यवस्था की स्थिति में तत्काल जिला प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके।

### अवैध भंडारण व परिवहन पर सख्ती

बैठक में कलेक्टर ने धान के अवैध भंडारण एवं परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार धान खरीदी प्रक्रिया का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनियमितता या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वास्तविक किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। टोकन प्राप्त करने से लेकर धान तौल एवं भुगतान प्रक्रिया तक किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसमें सभी अधिकारी पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि वास्तविक किसानों को समय पर लाभ मिल सके और खरीदी व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो। उल्लेखनीय है कि 16 दिसंबर 2025 तक जिले में 19 हजार 578 किसानों से अब तक कुल 1091317.20 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 25853.30 लाख रुपये की भुगतान राशि जारी की गई है। वहीं धान के अवैध भंडारण एवं परिवहन के मामले में अब तक 126 प्रकरण दर्ज करते हुए 28,887 क्विंटल से अधिक धान जब्त किया गया है, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। जिले में अब तक 9,100 कृषकों द्वारा कुल 859.37 हेक्टेयर रकबा समर्पण किया गया है।



# धान के अवैध परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा अवैध भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज रायगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम कोयलंगा-भुइयांपाली मार्ग पर एक पिकअप वाहन से अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए 24 क्विंटल धान जब्त किया गया। एसडीएम रायगढ़ महेश शर्मा ने बताया कि वाहन क्रमांक सीजी 13 एएच 4452 को जांच के दौरान रोका गया, जिसमें लगभग 60 कट्टों में भरा 24 क्विंटल धान परिवहन किया जा रहा था। वाहन चालक किशोर प्रधान द्वारा पूछताछ में बताया गया कि धान किसान कमलेश साहू का है, जिसे जामगांव धान उपार्जन केंद्र ले जाया जा रहा है। जब जामगांव धान उपार्जन केंद्र में संबंधित किसान के नाम से जारी ऑनलाइन टोकन की जांच की गई, तो उक्त तिथि का कोई वैध टोकन दर्ज नहीं पाया गया। इसके आधार पर धान को अवैध रूप से परिवहन किया जाना प्रमाणित हुआ। तत्पश्चात मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई करते हुए धान को जप्त किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप शासन द्वारा धान खरीदी प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं वास्तविक किसानों के हित में संचालित किया जा रहा है। वहीं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले के मैदानी अमले लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर धान के अवैध भंडारण, परिवहन एवं कोचियों-बिचौलियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी बनाए हुए हैं। इसके बावजूद कुछ तत्वों द्वारा अवैध गतिविधियों का प्रयास किया जा रहा है, जिन्हें प्रशासन द्वारा तत्परता से नाकाम किया जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता या अवैध गतिविधि पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# रोस्टेड चना, कन्फेक्शनरी व खाद्य पदार्थों के नमूने लिए, मिलावट पर कड़ी नजर

**रायगढ़।** राज्य नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर एवं उप संचालक एवं अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में औरामाझन कलर की मिलावट की आशंका को देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य नमूने लेकर सघन निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा शुक्रवार को मेसर्स माखिजा किराना स्टोर, विजयपुर, रायगढ़ से रोस्टेड चना खुला का नमूना लिया गया। वहीं इसी दिन मेसर्स भवानी लघु उद्योग, ओम विहार कॉलोनी के सामने, रायगढ़ से शर्करा आधारित खाद्य पदार्थ के कुल 5 नमूने संग्रहित किए गए, जिनमें रवलगांव लोको कैंडी पैक्ड, लोट्स सर्फिनी कैंडी, ओम फन कोला मिनी पॉप लॉलीपॉप पैक्ड, कैंडी लेक गोल्डपान एवं रवलगांव पानपसंद पैक्ड शामिल हैं। इसके अलावा मंगलवार को मेसर्स कविता जल पान गृह, जयस्तंभ चौक, ग्राम धौराभाटा से पनीर (खुला) एवं आलू मसाला (खुला) के नमूने लिए गए। सभी प्रतिष्ठानों का मौके पर सघन निरीक्षण किया गया तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छता बनाए रखने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासन द्वारा लिए गए सभी नमूनों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है, जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस पूरी कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सरिता पटेल एवं शांतनु भट्टाचार्य के साथ कर्मचारी अमित साहू लैब अटेंडेंट एवं संतोष दास लैब टेक्नीशियन उपस्थित रहे। जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अभिहित अधिकारी श्रीमती सुधा चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

■ कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम ने रायगढ़ में की सघन जांच



### राउरकेला स्मार्ट सिटी में अव्यवस्थाओं पर सवाल

**राउरकेला।** राउरकेला स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत शहर में व्याप्त अव्यवस्थाओं और बुनियादी समस्याओं को लेकर आश्रा ग्रुप ने ओडिशा सरकार से त्वरित हस्तक्षेप की मांग की है। समूह की प्रमुख एवं सामाजिक कार्यकर्ता मिनती देवता ने राज्य की विकास आयुक्त सह अपर मुख्य शासन सचिव अनु गर्ग और गृह व नगर विकास विभाग की प्रमुख सचिव उषा पाढ़ी के राउरकेला दौरे के दौरान उन्हें एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शहर की आधारभूत सुविधाओं, सीवरेज व्यवस्था, परिवहन, पुनर्वास और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी गंभीर कमियों को उजागर किया गया है। आश्रा ग्रुप ने बताया कि कई इलाकों में आज भी स्ट्रीट लाइटें नहीं जल रही हैं। टाटा पावर और नगर निगम के बीच समन्वय की कमी के कारण खंभे लगे होने के बावजूद लाइटें नहीं लगाई जा रही हैं, जिससे अंधेरे में अपराध और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। सीवरेज कार्यों को अव्यवस्थित बताते हुए कहा गया कि सड़कों पर गंदा पानी बह रहा है और खुदाई के बाद मरम्मत नहीं होने से महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग हादसों का शिकार हो रहे हैं।

# ई-मार्केट प्लेस के माध्यम से बाजार पहुंच विकास विषय पर कार्यशाला

**रायगढ़।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों एवं पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल साक्षरता, ई-मार्केटिंग प्लेटफॉर्म तथा बिजनेस डेवलपमेंट सर्विस प्रोवाइडर से जोड़कर उनके उत्पादों की बाजार पहुँच बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष, रायगढ़ में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। 'ई-मार्केटप्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से बाजार पहुँच विकास' विषय पर आयोजित यह कार्यशाला भारत सरकार की रैम्प योजना के अंतर्गत संपन्न हुई।

कार्यशाला का शुभारंभ अपर कलेक्टर रवि राही के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को डिजिटल प्लेटफॉर्म, मार्केटिंग नेटवर्क और बीडीएसपी से जोड़कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जा सकती है। ऐसी कार्यशालाएं उद्यमियों के लिए नए अवसर खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस रायपुर के वरिष्ठ सहायक निदेशक राकेश तिवारी ने जेम पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया, सरकारी निविदाओं में भागीदारी, उत्पाद कैटलॉग निर्माण तथा एमएसएमई इकाइयों को मिलने वाले लाभों की विस्तार से जानकारी दी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ की प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती अंजू नायक ने रैम्प योजना के अंतर्गत राज्यभर में संचालित गतिविधियों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि योजना के तहत उद्यमिता जागरूकता, निर्यात प्रशिक्षण, डिजिटल मार्केटिंग, वित्तीय पहुँच सहित विभिन्न पहलें संचालित की जा रही हैं, जिससे सूक्ष्म उद्यमों के लिए नए अवसर सृजित हो रहे हैं। कार्यशाला के दौरान संजीवनी मेडिकल स्टोर एवं हेरम्ब इंडस्ट्रीज का जेम पोर्टल पर सफलतापूर्वक पंजीकरण भी कराया गया। कार्यक्रम में नरेन्द्र कुमार साहू, शशिभूषण पटेल, राहुल प्रधान, मोहनीश टोप्पो, प्रकाश लहरे सहित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में लगभग 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें महिला उद्यमी, शासकीय विभागों के प्रतिनिधि तथा स्थानीय एमएसएमई इकाइयों के प्रतिनिधि शामिल थे।



## विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी ने बताईं छत्तीसगढ़ की खूबियां

**रायगढ़।** शीतकालीन सत्र में विधानसभा में विधायक रायगढ़ एवं छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ने जब छत्तीसगढ़ की खूबियां बताई तो हर छत्तीसगढ़ वासी का सीना गर्व से फूल गया। सत्ता हो या विपक्ष ओपी चौधरी के तरकश में जानकारियों के ऐसे दुर्लभ तीर है जिसे देख सभी हैरान हो जाते है। विपक्ष के दौरान भी सत्ता पक्ष के निशाने पर रहने वाले वित्त मंत्री ने पहली बार ज्ञान गंगा का ऐसा बजट रखा जिसकी चर्चा देश भर में हुई। इस बार शीतकालीन सत्र में उन्होंने जानकारियों के ऐसे तीर चलाए, जिसे देख पक्ष विपक्ष के विधायक सहित आम जनता ने भी दांतों तले उंगली दबा ली। ओपी चौधरी ने बताया कि हमारा छत्तीसगढ़ देश के सभी राज्यों में सबसे अधिक समृद्धशाली प्रदेश है सामान्य तौर पर सभी जन प्रतिनिधि ऐसा बयान सभी देते है लेकिन ओपी ने बताया कि किस तरह हमारा छत्तीसगढ़ समृद्धशाली है। देश, दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे ब्रिज में छत्तीसगढ़ में निर्मित स्टील इस्तेमाल हुआ है। रक्षा के क्षेत्र में आईएनएस विक्रांत में हमारे छत्तीसगढ़ के स्टील का उपयोग किया गया। छत्तीसगढ़ में निर्मित सीमेंट से मुंबई का बांद्रा वर्ली सी लिंक बनाया गया। छत्तीसगढ़ में उत्पादित बिजली से 1000 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र देश में रोशन होता है। देश की अर्थव्यवस्था को छत्तीसगढ़ का पावर सेक्टर मजबूती प्रदान करता है। छत्तीसगढ़ में निर्मित अल्युमिनियम का मंगलयान, चंद्रयान तेजस फाइटर जेट में उपयोग किया गया है।

## सरिता महिला मोर्चा की कार्यसमिति में

**सारंगढ़।** बलौदा बाजार जिले के कसडोल विकासखंड की निवासी सरिता जायसवाल को एक बार फिर महिला मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति का सदस्य बनाए जाने पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। उनकी पुनः नियुक्ति को पार्टी संगठन में उनके निरंतर योगदान और सक्रिय भूमिका के रूप में देखा जा रहा है। बताया जाता है कि जब सरिता जायसवाल पहली बार प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य बनी थीं, तब उन्होंने पार्टी के विचार और मिशन को लेकर जमीनी स्तर पर लगातार काम किया। वे कार्यकर्ताओं के साथ गांव गांव और शहरों में जाकर जनता से संवाद करती रहीं और पार्टी की विचारधारा को मजबूती से प्रस्तुत किया। इसके साथ ही लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान पार्टी प्रत्याशियों के लिए दिन रात मेहनत कर संगठन को मजबूती प्रदान की। सरिता जायसवाल सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय रही हैं और महिला सशक्तिकरण के मुद्दों पर लगातार काम करती आई हैं। कसडोल क्षेत्र में महिलाओं के बीच उनका खासा प्रभाव और पहचान है। उनकी पुनः नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व और पार्टी हाईकमान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरिता जायसवाल के अनुभव और सक्रियता से महिला मोर्चा को नई ऊर्जा मिलेगी और संगठन और अधिक मजबूत होगा।



## अग्निवीर भर्ती रैली के लिए एडमिट कार्ड जारी



**रायगढ़।** भारतीय सेना द्वारा जनवरी 2026 में प्रस्तावित अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर तैयारियाँ तेज हो गई हैं। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा अग्निवीर भर्ती रैली के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। यह भर्ती रैली 10 से 24 जनवरी 2026 तक इंडोर स्टेडियम धमतरी छग में आयोजित की जाएगी। इस भर्ती रैली में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 33 जिलों के पुरुष उम्मीदवार भाग लेंगे।

■ इंडोर स्टेडियम धमतरी में 10 से 24 जनवरी तक अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन

रैली के अंतर्गत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर और अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं एवं 8वीं पास श्रेणियों की भर्ती की जाएगी। सेना भर्ती कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई कि 30 जून से 10 जुलाई तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई आयोजित किया गया था। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी अब शारीरिक दक्षता परीक्षा और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में शामिल हो सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र और उनकी ईमेल आईडी पर भेज दिया गया है। भर्ती रैली में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाइल फोन साथ लाना अनिवार्य होगा। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और चयन केवल योग्यता के आधार पर किया जाएगा। किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए, उम्मीदवार वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के समीप स्थित सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212, 2965214 में संपर्क कर सकते है। सेना भर्ती कार्यालय ने उम्मीदवारों को दलालों और फर्जी एजेंटों से सावधान रहने की सलाह दी है और स्पष्ट किया है कि भारतीय सेना में भर्ती पूरी तरह निःशुल्क और निष्पक्ष प्रक्रिया के तहत की जाती है।

## जनकल्याणकारी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

# विकास आयुक्त ने किया राउरकेला का व्यापक दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

राज्य की विकास आयुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती अनु गर्ग ने दो दिवसीय राउरकेला दौरे के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विकासात्मक परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर आवास एवं शहरी विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती उषा पाढ़ी, सुंदरगढ़ जिलाधिकारी डॉ. शुभंकर महापात्र, राउरकेला के अतिरिक्त जिलाधिकारी सह नगर निगम आयुक्त सुश्री दीना दस्तगीर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

दौरे की शुरुआत में विकास आयुक्त ने छेंड स्थित बायो माइनिंग स्थल का निरीक्षण कर वहां चल रहे अपशिष्ट प्रसंस्करण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कार्य को शीघ्र पूर्ण कर भूमि के पुनरुद्धार हेतु त्वरित कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम का भ्रमण कर प्रबंधन व्यवस्था की जानकारी ली। दर्शकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से स्टेडियम में एक समर्पित हॉकी गैलरी स्थापित करने, विश्व कप के यादगार क्षणों की तस्वीरें प्रदर्शित करने तथा मास्कट ओली की प्रतिकृति लगाने का सुझाव दिया। विकास आयुक्त ने छेंड स्थित किफायती आवास परियोजना का भी निरीक्षण किया। वहां प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं, आंगनबाड़ी, सामुदायिक केंद्र, प्रकाश व्यवस्था एवं खुले स्थानों के सौंदर्यीकरण जैसी सुविधाओं की सराहना करते हुए उन्होंने बताया कि 1500 से अधिक आवासीय इकाइयों की नई परियोजना शीघ्र प्रारंभ होने जा रही है, जो आर्थिक रूप से कमजोर एवं गरीब वर्ग के लिए सुरक्षित आवास उपलब्ध कराएगी। टिस्को तालाब के पुनरुद्धार की योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने इसे एक प्रमुख पिकनिक स्थल के रूप में विकसित करने, इसके लिए विशेष समिति गठित करने तथा प्राकृतिक सौंदर्य को संरक्षित रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही पर्यटकों की सुरक्षा हेतु सूचना पट्ट लगाने पर जोर दिया। उन्होंने उदित नगर स्थित मिशन शक्ति कैफे का दौरा कर वहां भोजन किया और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत कर उनके प्रयासों की सराहना की।

